# वी.यू., में "एक्वा क्लीनिक्स एण्ड एक्वाप्रनेरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम" का होगा आयोजन

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर को श्रीमती उषा रानी, आई.ए.एस, महानिर्देशक, मैनेज, राजेन्द्रनगर, हैदराबाद के द्वारा मत्स्य विज्ञान संस्थान को मैनेज द्वारा सह–संस्थान का दर्जा दिया गया है। जिसके माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जावेंगें।

डॉ. सरवणन राज, निदेशक (कृषि विस्तार), मैनेज महानिदेशक, मैनेज एवं एन.एफ.डी.वी. हैदराबाद द्वारा एक माह का प्रशिक्षण कार्यशाला **"एक्वा क्लीनिक्स एण्ड एक्वाप्रनेरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम"** का आयोजन किया जायेगा, यह आयोजन 25 फरवरी से 25 मार्च तक संचालित किया जावेगा। कुलपति डॉ. प्रयागदत्त जुयाल ने आयोजकों को बधाई दी है और कहा है कि इस तरह के आयोजन विश्वविद्यालय का स्तर ऊँचा उठाने में सहायक सिद्व होंगे।

मैनेज द्वारा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर को राष्ट्रीय स्तर की संस्थान का दर्जा दिया गया है । जिसके अंर्तगत नोडल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (NTI) जबलपुर में स्वीकृत प्रशिक्षण हेतु मैनेज द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार यू.जी., पी.जी/डिप्लोमा प्राप्त चयनित प्रशिक्षार्थियों को 25 फरवरी से 25 मार्च तक प्रशिक्षण दिया जावेगा ।

प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थी एक्वा क्लीनिक्स/एक्वाकल्चर संबंधित कार्यो द्वारा रोजगार उद्यमी बन सकते हैं ।

मैनेज द्वारा स्वीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु आवेदन 20 फरवरी तक आमंत्रित किये गये हैं, जो कि मैनेज एवं विश्वविद्यालय की बेवसाइड से डाउनलोड कर मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के ई–मेल fisherycollege41@gmail.com पर जमा करें। अन्य जानकारी हेतु महाविद्यालय के फोन नं. 0761–2680177 एवं 9425865767, 9302351789 पर संपर्क कर सकते है।